JAIPUR METRO

जयपुर मेट्रो रेल कॉरपोरेशन लिमिटेड

एडमिन बिल्डिंग, मेट्रो डिपो, भृगु पथ, मानसरोवर, जयपुर–302020
E-mail: pro@jaipurmetrorail.in; **Phone No:** 0141-2822760

2026/03/430–प्रेस विज्ञप्ति दिनांकः 20.03.2026

भारतीय तकनीकी और आर्थिक सहयोग (ITEC) द्वारा आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम के तहत् अंतर्राष्ट्रीय प्रतिनिधियों के दल ने किया जयपुर मेट्रो का दौरा।

जयपुर 20 मार्च। भारतीय तकनीकी और आर्थिक सहयोग (ITEC) कार्यक्रम के तहत् 23 अंतर्राष्ट्रीय अधिकारियों के प्रतिनिधि दल ने "Towards Sustainable Urban Mobility in developing urban context" विषय पर अध्ययन एवं चर्चा हेतु जयपुर मेट्रो रेल परियोजना का दौरा किया।

सर्वप्रथम मानसरोवर मेट्रो डिपो पहुंचने पर प्रतिनिधी दल के साथ सभागार में एक चर्चा सत्र आयोजित किया गया, जिसमें "Towards Sustainable Urban Mobility in developing urban context" विषय पर मेट्रो की भूमिका के संदर्भ में विस्तृत जानकारी प्रेजेंटेशन द्वारा दल को दी गई। दल के सभी प्रतिनिधियों ने चर्चा व प्रश्न/उत्तर वार्त्ता सत्र में भाग लिया। इस दौरान जयपुर मेट्रो के महाप्रबंधक (परिचालन), करण सिंह मीणा एवं अन्य अधिकारी उपस्थित रहें।

प्रतिनिधि दल ने मेट्रो ट्रेन द्वारा मानसरोवर मेट्रो स्टेशन से छोटी चौपड़ मेट्रो स्टेशन तक यात्रा कि और जयपुर मेट्रो की कुशल परिचालन व्यवस्था का अनुभव किया। छोटी चौपड़ मेट्रो स्टेशन पहुंचने पर प्रतिनिधि दल ने छोटी चौपड़ स्थित कला दीर्घा में मूर्तिकला, रागमाला चित्रावली, चौपड़ पर खुदाई के दौरान निकले ऐतिहासिक कुंड, गौमुख एवं प्रदेश के विभिन्न स्थानों से लायी गयी पुरातत्व महत्व की वस्तुओं को सहजने व संरक्षित करने की जानकारी प्राप्त की।

जयपुर मेट्रो के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, वैभव गालरिया ने ITEC द्वारा आयोजित इस दौरे पर सकारात्मक दृष्टिकोण व्यक्त करते हुए अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर विभिन्न देशों के आवास एवं आधारभूत क्षेत्रों में कार्यरत अधिकारियों द्वारा ज्ञान के पारस्परिक आदान–प्रदान को अतिमहत्त्वपूर्ण एवं एक सराहनीय कदम बताया।

जनसंपर्क अधिकारी
जयपुर मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन लिमिटेड